Roll No. : .......................................

Total No. of Questions : **12** ]

[ Total No. of Printed Pages : **8**

# SLC–131

## B.Com. Part–III Due of Part–I (Supplementary) Examination, 2022

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

Paper - I

## (Financial Accounting)

*Time : 1½ Hours* ]

[ *Maximum Marks : **100***

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note*** :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note*** :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note*** :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A

### (खण्ड–अ)

1. (i) State the names of *four* main users of Accounting Information.

लेखांकन सूचनाओं के **चार** प्रमुख उपयोगकर्ताओं के नाम बताइए।

(ii) What is 'Stevedoring or Lighterage' ? Explain.

'स्टेवडोरिंग या लाइटरेज' किसे कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(iii) What do you mean by Over-subscription of Shares ?

अंशों के अधि–अभिदान से आप क्या समझते हैं ?

(iv) Name the methods of Redeeming Debentures.

ऋणपत्रों के शोधन की विधियों के नाम बताइए।

(v) What is Deficiency Account ?

न्यूनता खाता किसे कहते हैं ?

(vi) What is meant by Unrecoupable Shortworking ?

अशोधनीय लघुकार्य राशि से क्या तात्पर्य है ?

(vii) What is the nature of 'Total Accounts' which are prepared under Sectional Balancing System ?

वर्गीय संतुलन प्रणाली में बनाये जाने वाले 'सामूहिक खाते' किस प्रकृति के खाते हैं ?

(viii) On 31st December, 2021 a trader had in stock 4% Government Bonds of the nominal value of ₹ 9,000 whose cost was ₹ 8,400. The interest on these bonds is payable on 31st May and 30th November every year. What is the amount of accrued interest on these bonds on 31st December 2021 ?

एक व्यापारी के पास 31 दिसम्बर, 2021 को 4% सरकारी ऋणपत्र ₹ 9,000 अंकित मूल्य के थे, जिनका लागत मूल्य ₹ 8,400 था। इन पर ब्याज 31 मई व 30 नवम्बर को देय था। 31 दिसम्बर, 2021 को इन ऋणपत्रों पर अर्जित ब्याज की राशि कितनी थी ?

(ix) What is meant by 'Apportionment of Indirect Expenses' in departmental accounting ?

विभागीय लेखांकन में 'अप्रत्यक्ष व्ययों के अनुभाजन' से क्या तात्पर्य है ?

(x) What is meant by Dependent Branch ?

आश्रित शाखा से क्या आशय है ?

## Section–B

## (खण्ड–ब)

2. On 10th October, 2021 the fire occurred in the premises of Naman. All stock except to the extent of ₹ 12,400 were destroyed. Naman always values the stock at cost less 10%. Stock was insured for ₹ 50,000. From the following figures, ascertain the loss of stock by fire suffered by Naman :

10 अक्टूबर, 2021 को नमन के भवन में आग लग गयी। ₹ 12,400 के माल को छोड़कर शेष समस्त स्टॉक नष्ट हो गया। नमन हमेशा स्टॉक का मूल्यांकन लागत में 10% कमी करके करता है। स्टॉक का ₹ 50,000 का बीमा कराया हुआ था। निम्नलिखित आँकड़ों से नमन की स्टॉक ही हानि ज्ञात कीजिए :

| | (₹) |
|---|---|
| Stock on 1st April, 2020 | 72,000 |
| Purchases less returns during 2020-21 | 2,80,000 |
| Sales less returns during 2020-21 | 4,00,000 |
| Stock on 31st March, 2021 | 45,000 |
| Purchases less returns from 1st April, 2021 to date of fire | 2,92,000 |
| Sales less returns from 1st April, 2021 to date of fire | 3,20,000 |

3. What is Buy-back of Shares ? State various legal provisions and guidelines regarding this aspect in short.

अंशों की वापसी खरीद क्या है ? इस सम्बन्ध में दिये गये विभिन्न कानूनी प्रावधानों तथा दिशा-निर्देशों को संक्षेप में समझाइए।

4. Explain the meaning of Royalty. How does it different from Rent ?

अधिकार शुल्क का अर्थ समझाइए। यह किराये से किस प्रकार भिन्न है ?

5. Some years ago Kailash purchased 300 equity shares of ₹ 100 each in X Ltd. for ₹ 46,000 inclusive of all taxes etc. On 1st July, 2020 X Limited declared a capital bonus (Bonus shares) by issuing one equity share to an existing shareholder holding every one equity share in the company. On 10th January, 2021, Kailash sold all the bonus shares @ ₹ 130 per share. On 31st March, 2021 equity shares in X Ltd. were quoted in the market at ₹ 135 per share. Securities transaction tax @ 0.125% on transaction value subject to minimum ₹ 100 is charged for every transaction of purchase and sale of equity shares.

Show the Investment Account in the books of Kailash.

कुछ वर्ष पूर्व कैलाश ने एक्स लिमिटेड के ₹ 100 वाले 300 समता अंश ₹ 46,000 (समस्त करों आदि सहित) में खरीदे थे। 1 जुलाई, 2020 को एक्स लिमिटेड ने पूँजीगत बोनस की घोषणा की जिसके अन्तर्गत कम्पनी में प्रत्येक विद्यमान एक ईक्विटी अंश के धारक को एक बोनस ईक्विटी अंश निर्गमित किया गया। कैलाश ने समस्त बोनस अंशों को 10 जनवरी, 2021 को ₹ 130 प्रति अंश के हिसाब से बेच दिया। 31 मार्च, 2021 को एक्स लिमिटेड के समता अंश बाजार में ₹ 135 प्रति अंश की मूल्य दर पर उद्धृत थे। समता अंशों के क्रय-विक्रय के व्यवहार पर व्यवहार मूल्य का 0.125% की दर से परन्तु न्यूनतम ₹ 100 समता अंशों के क्रय-विक्रय के प्रत्येक व्यवहार पर कर लगता है।

कैलाश की पुस्तकों में विनियोग खाता बनाइए।

6. The following purchases were made during the year 2021-22 by a business house having three departments :

तीन विभागों वाले एक व्यापार गृह द्वारा वर्ष 2021-22 में निम्नलिखित क्रय किये गये :

Department A—1,000 Units; Department B—2,000 Units; Department C—2,400 Units. At a Total Cost of ₹ 1,00,000.

विभाग A–1,000 इकाइयाँ; विभाग B–2,000 इकाइयाँ; विभाग C–2,400 इकाइयाँ। इनकी कुल लागत ₹ 1,00,000 थी।

Stock on 1st April, 2021 were :

| | |
|---|---|
| Department A | 120 Units |
| Department B | 80 Units |
| Department C | 152 Units |

The sales during the year 2021-22 were :

| | |
|---|---|
| Department A | 1,020 Units @ ₹ 20 per Unit |
| Department B | 1,920 Units @ ₹ 22.50 per Unit |
| Department C | 2,456 Units @ ₹ 25 per Unit |

The rate of Gross Profit is the same in each department. Prepare Departmental Trading Account for the year 2021-22.

प्रत्येक विभाग में सकल लाभ की दर समान है। वर्ष 2021-22 के लिए विभागीय व्यापार खाता तैयार कीजिए।

7. From the following particulars, prepare Sales Ledger Control Account in General Ledger :

निम्नलिखित विवरणों से सामान्य खाताबही में विक्रय खाताबही नियंत्रण खाता बनाइए :

| | (₹) |
|---|---|
| Opening Balance in Customers Ledger : (Dr) | 2,35,000 |
| Opening Balance in Customers Ledger : (Cr) | 3,500 |
| Goods sold during the year | 27,65,000 |
| Returns Inwards | 15,000 |
| Cash/Cheques received | 15,90,000 |
| Discount Allowed | 9,000 |
| Bills Received | 11,10,000 |
| Dishonour of cheques out of cheques received | 5,000 |
| Dishonour of B/R out of bills received | 7,000 |
| Bad debts | 9,000 |

A debit balance of ₹ 1,500 is to be transferred from customer ledger to suppliers ledger. Similarly a credit entry of ₹ 1,600 is to be transferred from suppliers ledger to customers ledger. Closing credit balance in customers ledger is ₹ 3,000.

₹ 1,500 का नाम शेष देनदारों की खाताबही से लेनदारों की खाताबही में स्थानान्तरित करना है। इसी प्रकार ₹ 1,600 की जमा प्रविष्टि लेनदारों की खाताबही से देनदारों की खाताबही में स्थानान्तरित करनी है। देनदारों की खाताबही में अन्तिम जमा शेष ₹ 3,000 है।

8. Prepare Voyage Account for incomplete voyage with the help of imaginary figures.

काल्पनिक अंकों की सहायता से अपूर्ण यात्रा हेतु जहाजी यात्रा खाता बनाइये।

## Section–C

## (खण्ड–स)

9. Define Accounting. Also explain characteristics of Accounting.

लेखांकन को परिभाषित कीजिए। लेखांकन की विशेषताएँ भी बताइए।

10. The following particulars are taken from the memorandum books of JKP Limited relating to issue of equity shares. The amount per share was payable as : ₹ 3 on Application, ₹ 5 on Allotment (including ₹ 2 premium), ₹ 4 on First and Final Call.

निम्नलिखित विवरण JKP लिमिटेड की स्मरणार्थ पुस्तकों से समता अंश निर्गमन के संबंध में लिये गये हैं। प्रति अंश देय राशि : आवेदन पर ₹ 3, आवंटन पर ₹ 5 (₹ 2 प्रीमियम सहित), प्रथम व अंतिम माँग पर ₹ 4 देय थी।

| **Applicants** | **No. of Shares Applied for** | **No. of Shares Allotted** |
|---|---|---|
| Category A | 60,000 | 40,000 |
| Category B | 20,000 | 20,000 |
| Category C | 10,000 | Nil (Application money refunded) |

Allotment was made pro-rata to applicants in category A. Ram, an applicant included in category A applied for 900 shares, failed to pay allotment money and call money and therefore his shares were forfeited. Subsequently out of his forfeited shares 400 shares were reissued to Shyam as fully paid for ₹ 9 per share. Show the Journal and Cash-book Entries in the books of the company to record above transactions.

A श्रेणी के आवेदकों को आनुपातिक आधार पर आवंटन किया गया। राम, जो A श्रेणी में शामिल था, ने 900 अंशों के लिए आवेदन किया था, द्वारा आवंटन राशि व माँग राशि न देने पर उसके अंशों का हरण कर लिया गया। उसके हरण किये गये अंशों में से 400 अंश श्याम को ₹ 9 प्रति अंश पर पूर्ण प्रदत्त मानकर पुनः निर्गमित किये गये। उपर्युक्त लेन–देनों को कम्पनी के जर्नल एवं रोकड़ बही में दर्ज कीजिए।

11. Ram took a mine on lease from Hari for five years at a royalty of ₹ 1 per tonne subject to minimum rent of ₹ 4,000 per annum. Minimum rent paid in excess of actual royalties is recoverable from excess working in the next three years succeeding the year in respect of which excess was paid. In the event of a strike, the minimum rent will be reduced proportionately in relation to time lost. The first year in respect of which the minimum rent was payable ended on 31st March, 2017. The excess paid in respect of the first year was ₹ 4,000 and in respect of second year was ₹ 2,500. The actual royalties were in the third year amounted to ₹ 5,750, in the fourth year ₹ 2,500 (in consequence of strike which lasted for 146 days) and in the fifth year ₹ 8,000 only.

Write up the Minimum Rent Account, Royalty Account, Shortworking Account and Hari's Account in Ledger of Ram.

राम ने हरि से ₹ 1 प्रति टन अधिकार शुल्क और ₹ 4,000 वार्षिक न्यूनतम किराये की शर्त के साथ एक खान पाँच वर्ष के लिए पट्टे पर ली। वास्तविक अधिकार शुल्क से अधिक चुकाया गया न्यूनतम किराया जिस वर्ष वह अधिक चुकाया जाये, उसके अगले तीन वर्षों के अधिकार शुल्क के आधिक्य में से वसूल करने योग्य था। हड़ताल की दशा में न्यूनतम किराये को नष्ट हुए समय के अनुपात में घटा दिया जायेगा। प्रथम वर्ष जिसके सम्बन्ध में न्यूनतम किराया देय था, 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुआ। प्रथम वर्ष के लिए जो अधिक दिया गया वह ₹ 4,000 था तथा दूसरे वर्ष के लिए ₹ 2,500 था। तीसरे वर्ष में वास्तविक अधिकार शुल्क ₹ 5,750, चौथे वर्ष में (146 दिन तक हड़ताल चलने के फलस्वरूप) ₹ 2,500 तथा पाँचवें वर्ष में ₹ 8,000 था।

राम की खाताबही में न्यूनतम किराया खाता, अधिकार शुल्क खाता, लघुकार्य राशि खाता तथा हरि का खाता तैयार कीजिए।

12. Explain main accounts to be prepared in the books of Head Office by Stock and Debtors Method.

प्रधान कार्यालय की पुस्तकों में स्टॉक एवं देनदार पद्धति से तैयार किये जाने वाले प्रमुख खातों को समझाइए।